2019

B.A. 1st Semester Examination

HINDI (Honours)

Paper : C 2-T

Full Marks : 60 *Time : 3 Hours*

The figures in the margin indicate full marks. Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 10×2=20

(क) 'चन्द्रकांता' और 'परीक्षा गुरु' के लेखकों के नाम लिखिए।

(ख) भारतेन्दु मण्डल के किन्हीं दो लेखकों के नाम लिखिए।

(ग) शिवप्रसाद सितारे हिन्द और श्रद्धाराम फिल्लौरी की एक-एक रचना का नाम बताइए।

(घ) फोर्टविलियम कालेज की स्थापना कब और कहाँ हुई थी?

[Turn Over]

(ङ) 'राजा भोज का सपना' और 'रानी केतकी की कहानी' के लेखकों के नाम बताइए।

(च) 'ग्यारह वर्ष का समय' और 'दुलाई वाली' के लेखक कौन हैं?

(छ) 'जयद्रथ वध' एवं 'प्रिय प्रवास' के रचनाकारों के नाम लिखिए।

(ज) 'अपनी केवल धार' और 'नेपथ्य में हँसी' काव्य संग्रहों के रचनाकारों के नाम बताइए।

(झ) प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना कब और कहाँ हुई थी?

(ञ) 'वाद-विवाद-संवाद' एवं 'निराला की साहित्य साधना' पुस्तकों के लेखकों के नाम बताइए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। $4 \times 5 = 20$

(क) 'भारतेन्दु मण्डल' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(ख) महावीर प्रसाद द्विवेदी के साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डालिए।

(ग) हिन्दी नाटक का विकासात्मक परिचय दीजिए।

(घ) प्रगतिवाद की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ङ) अज्ञेय की काव्यगत विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(च) हिन्दी साहित्य में स्त्री विमर्श के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10=20

(क) हिन्दी नवजागरण में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के योगदान का आकलन कीजिए।

(ख) छायावादी काव्यधारा की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'नयी कहानी' का आशय स्पष्ट करते हुए इसके विकास का सामान्य परिचय दीजिए।

(घ) समकालीन कविता का सामान्य परिचय देते हुए इसकी प्रमुख विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।